

एक नजर में

## नपा ने जारी की पीएम आवास की किश्त

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि कुल 74 हितग्राहियों को उनके खाते में डाली गई।**

योजना अंतर्गत जिनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास को कम्पलीट कर लिया गया है ऐसे 62 हितग्राहियों को 50 हजार के मान से 31 लाख रूपये तथा जिन हितग्राहियों के द्वारा लेंटिंल लेबिल तक आवास का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया, ऐसे 12 हितग्राहियों को एक लाख के मान से 12 लाख रूपये कुल एकत्र राशि 43 लाख रूपये का भुगतान किया गया। नगर पालिका टीकमगढ़ अंतर्गत माह फरवरी से दिनांक तक कुल 954 हितग्राहियों के द्वारा अपने आवास का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। जिन हितग्राहियों के द्वारा आवास का कार्य पूर्ण करा लिया गया है ऐसे 954 हितग्राहियों के खातों में कुल एकत्र राशि 5 करोड 42 लाख रूपये का भुगतान निकाय स्तर पर किया जा चुका है। आवास के क्षेत्र में पूर्व में निकाय 76 प्रतिशत पर थी जो बढकर 88 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि कुल 74 हितग्राहियों को उनके खाते में डाली गई।

# 9 हेक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमणकारियों से कराई मुक्त

**अब इस शासकीय भूमि पर बनाया जाएगा दिगौड़ा बस स्टैंड**

**इसी स्थान से गुजरेगा वायपास मार्ग, लोगों में खुशी**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बीती 6 जनवरी को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिगौड़ा पहुंचकर वहां अपने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ यहां के विकास को लेकर चर्चा की थी साथ ही कलेक्टर ने वहां के आम लोगों को बैठक में बुलाकर उनके बिन्दुओं को दर्ज कर विकास का प्लान तैयार करना शुरू कर दिया था। बैठक में दिगौड़ा में बस स्टेण्ड बनाने को लेकर मुददा सामने आया था। जिस पर कलेक्टर ने विचार करने की बात कहते हुए कहा था कि जल्द ही बस स्टेण्ड के लिए भूमि की तलाश कर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। बस स्टेण्ड कहां बनना है यह तय यहां के लोगों को ही करना है । बस स्टेण्ड के लिए भी जमीन की तलाश शुरू करने के निर्देश कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने अधिनस्थों को दिए थे। जिसके चलते कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रशासनिक अमले ने दिगौड़ा पुलिस थाना के पीछे का 9 हैक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमणकारियों से मुक्त करा दी है। अधिकारियों ने बताया कि अब यहां नए सिरे से बस स्टेंड का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही दिगौड़ा में बाईपास का भी कार्य शुरू होगा।**





दरअसल ग्राम पंचायत दिगौड़ा की बढ़ती आबादी एवं बदलते इस युग को देखते हुए उसकी तस्वीर बदलने की भी तैयारी अब शुरू हो चुकी है। अतिक्रमण हटते ही यहां के लोगों की उम्मीद जाग चुकी है कि दिगौड़ा अब विकास के पथ की ओर जाने बाला है। क्योकि अतिक्रमण जिस स्थान से हटाया गया है वहां बस स्टेंड का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा लोगों को बाईपास की सौगात मिल जाएगी ओर दिगौड़ा में जो आए दिन जाम के हालात बन जाते है उससे भी दिगौड़ा के लोगों को अब निजात मिल सकेगी। बीते दिनों कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अचानक पूरे प्रशासनिक अमले के साथ दिगौड़ा तहसील में एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक में आम लोगों के साथ जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकारों ने भाग लेकर बारी-बारी से सबने अपने विचारों को कलेक्टर के सामने प्रेषित किया था। शुक्रवार को दिगौड़ा थाना के पीछे से 9 हैक्टेयर शासकीय जमीन से हटाने की कार्रवाई को अधिकारियों ने अंजाम दिया है। अतिक्रमण हटते ही स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

### लोगों को विश्वास में लेकर होगा विकास

बीते दिनों दिगौड़ा विकास को लेकर आयोजित कलेक्टर की इस बैठक में यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया था कि लोगों को विश्वास में लेकर आगे की रणनीति बनाई जाए, जिससे आगे विकास कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इसलिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय आम लोगों को साथ में लेकर दिगौड़ा विकास का मास्टर प्लान तैयार करने में लगे हुए है। जिसके फलस्वरूप शुक्रवार को दिगौड़ा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की सोच है कि दिगौड़ा सेंटर में पड़ता है, इसलिए इसका सुन्दर दिखना भी लाजमी है। यहां विकास कराकर यहां के लोगों को दिगौड़ा की नई तस्वीर दिखाने की तैयारी कलेक्टर द्वारा की जा रही है।

### एसडीएम सहित अन्य अधिकारी रहे शामिल

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान जिला एसडीएम संजय दुबे, तहसीलदार प्राची जैन, थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, राजस्व अमला सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। शुक्रवार को प्रशासनिक अमले ने दिगौड़ा पुलिस थाना के पीछे का 9 हैक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमणकारियों से मुक्त करा दी है। अधिकारियों ने बताया कि अब यहां नए सिरे से बस स्टेंड का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही दिगौड़ा में बाईपास का भी कार्य शुरू होगा। उक्त जमीन पर स्थानीय लोग काफी लंबे समय से अतिक्रमण किए हुए थे। जिसको लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में शुक्रवार को प्रशासनिक अमले ने पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया है।


# मेला में हुई मारपीट का वीडियो वायरल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बड़ागांव थाना इलाके में शुक्रवार को मेला देखने गए एक युवक की सरेआम पिटाई का मामला सामने आया है। बड़ागांव का रहने वाला वीरेंद्र कुशवाहा अपनी मामी के साथ मेला घूमने गया था, तभी दो लड़कों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें दो लड़के सरेआम युवक को पीटते हुए नजर आ रहे हैं।**

पीड़ित वीरेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि जब वह मेले में था, तभी उसे मौखरा गांव के रहने वाले सोनू यादव और विक्कू यादव मिले। दोनों आरोपी वीरेंद्र पर उसकी मामी से बात कराने के लिए दबाव बनाने लगे। जब वीरेंद्र ने इस बात का विरोध किया और मना किया, तो दोनों आरोपियों ने आपा खो दिया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिस वक्त मारपीट हो रही थी, वहां मौजूद सोहित और रोहित अहिरवार ने किसी तरह बीच-बचाव कर वीरेंद्र को हमलावरों से बचाया। इसके बाद पीड़ित सीधा बड़ागांव थाने पहुंचा और आपबीती सुनाई। पुलिस ने वीरेंद्र की शिकायत और वीडियो को आधार मानते हुए आरोपी सोनू यादव और विक्कू यादव के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश और मामले की जांच में जुटी है। शुक्रवार को मेला देखने गए एक युवक की सरेआम पिटाई का मामला सामने आया है। बड़ागांव का रहने वाला वीरेंद्र कुशवाहा अपनी मामी के साथ मेला घूमने गया था, तभी दो लड़कों ने उसके साथ मारपीट कर दी। घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# पलेरा में विद्युत बिल वसूली को लेकर चलाया जा रहा अभियान



**नवभारत न्यूज पलेरा। विद्युत विभाग पलेरा द्वारा बिल वसूली को लेकर चलाया गया अभियान के दौरान पहले ही दिन मोटर साइकिल की जब्ती से बकायादारों में हड़कंप मच गया।**

वितरण केन्द्र अतंर्गत जहां एक ओर बकायादारों द्वारा बिल जमा कराने को लेकर लगातार संपर्क एवं अनुरोध किया जा रहा है। वही दूसरी ओर बकाया राशि जमा कराने में अनदेखी करने वाले उपभोक्ताओं पर नकेल कसने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। पलेरा वितरण केन्द्र के सहायक अभियंता लक्ष्मण कुशवाहा द्वारा अपने दल के साथ विशेष वसूली टीम गठित करते हुए लिधौरा वितरण केन्द्र के ज्योरा मोरा एवं महेवा में कार्यवाही की गई जिसमें बिजली बिल जमा न करने पर बकायादार की मोटर साइकिल कुर्की कर जब्त की गई एवं दर्जनों उपभोक्ताओं पर बकाया बिल वसूली के तहत गैर जमानती मामले दर्ज किए गए। विद्युत विभाग जतारा संभाग के सभी अधिकारियों की ड्यूटी आगामी आदेश तक किसी भी बकायादार के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# युवक-युवतियां बन रहे आत्मनिर्भर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के आदेशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से प्रतिमाह युवा संगम, रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम, रोजगार मेलों में शामिल होकर युवक,युवतियां आत्मनिर्भर बन रहे हैं।**

इसीक्रम में शाआईटीआई टीकमगढ़ में युवा संगम,रोजगार मेले में ग्राम बृषभानपुरा तहसील मोहनगढ़ निवासी रविन्द्र राय का चयन निजी क्षेत्र की कम्पनी में हुआ है। राय ने बताया कि जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जानकारी प्राप्त कर युवा संगम,रोजगार मेले में शामिल हुआ, जिसमें मेरा चयन साक्षात्कार के आधार पर एयर निजी कंपनी में हुआ है। शुरूआत में कम्पनी द्वारा 18 हजार रूपये सैलरी दी जायेगी। साथ ही आगामी वर्षों में सैलरी में बढ़ोत्तरी की जायेगी। रोजगार मिलने पर रविन्द्र राय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

# साक्षात्कार के माध्यम से 114 अभ्यर्थियों का चयन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, रोजगार विभाग तथा शासकीय आईटीआई के संयुक्त सहयोग से युवा संगम,संयुक्त रोजगार मेला का सफ ल आयोजन शासकीय आईटीआई परिसर में किया गया। मेला में साक्षात्कार के माध्यम से 114 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया।**



रोजगार मेले में 7 कंपनियों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुये, जिसमें वर्धमान फ्ब्रिक प्रालिमि बुदनी सीहोर, गोल्डेनफार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रालिमि सागर, टीएसपीएल ग्रुप पुणे महाराष्ट्र, चेकमेट सर्विस प्रालिमि अहमदावाद, आईसेक्ट छतरपुर शामिल हैं। युवा संगम,रोजगार मेला में 210 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। कम्पनियों से आये प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 114 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया तथा 70 अभ्यर्थियों को ऑफर प्रदान किया।


## 26 जनवरी को कलेक्टर फहरायेंगे ध्वज

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिला मुख्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह कार्यक्रम स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड पर प्रात: 9 बजे से आयोजित किया जायेगा।**

जिला स्तरीय मुख्य समारोह कार्यक्रम में कलेक्टर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। साथ ही प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 एवं 26 जनवरी को जिले के सभी शासकीय भवन और राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जायेगी। साथ ही उन्होंने अपील की है कि इस अवसर पर निजी संस्थाओं के बड़े भवनों में भी रोशनी की जाये। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# दिन और रात के तापमान में आई गिरावट

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शुक्रवार सुबह से मौसम का मिजाज बदल गया है। आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक शीतलहर चलने का अनुमान जताया है, जिससे दिन और रात के तापमान में गिरावट आएगी।**



अनुमान के मुताबिक, अधिकतम तापमान घटकर 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास और न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। शनिवार और रविवार को ठंडी हवाओं के कारण अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री और रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री की कमी आने की संभावना है। मंगलवार को बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे पहले गुरुवार को दिनभर धूप खिली रही, जिससे अधिकतम तापमान 27.02 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार, मंगलवार को अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री था। बुधवार को यह बढ़कर क्रमश: 26.7 डिग्री और 11.4 डिग्री पर पहुंच गया था।किसान जयपाल यादव ने बताया कि फसलों के लिए अभी ठंड आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि बारिश होती है, तो यह फसलों के लिए काफी फायदेमंद होगी।मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल में सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। डॉक्टरों ने ऐसे मौसम में लापरवाही न बरतने की सलाह दी है और विशेष रूप से हृदय रोगियों तथा रक्तचाप के मरीजों को एहतियात बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया है।शुक्रवार सुबह से मौसम का मिजाज बदल गया है।

# तहसील मुख्यालय से पटवारी रहते नदारद

**खरगापुर क्षेत्र के किसानों को हो रही भारी परेशानी**

**50से 60 किलो मीटर दूरी पर मिलते हैं पटवारी**

**नवभारत न्यूज, खरगापुर। तहसील खरगापुर अंतर्गत हल्का पटवारियों का मुख्यालय पर निवास नहीं होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसानों के द्वारा बताया गया है कि तहसील मुख्यालय पर पटवारियों का निवास नहीं होने से हम किसानों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है ।**




तहसील स्तर के किसानों का आरोप है कि काम के लिए तहसील ना जाकर पटवारियों के बताए हुए पते पर अपना किराया लगा कर जाना पड़ता है। खरगापुर तहसील के कुछ पटवारियों का निवास जिला मुख्यालय पर है तो कुछ पटवारियों का निवास तहसील मुख्यालय से 50 से 60 किलो मीटर दूर है। रमपुरा हल्का में पदस्थ पटवारी संजू रैकवार तो हमेशा नदारत रहते हैं वह कभी कभार हल्के पर अपनी मनमर्जी से आते है। किसानों को अगर काम करवाना है तो सीधे टीकमगढ़ जाना पड़ता है। कुछ पटवारियों ने तो तहसील में अपने दलाल रखे हुए है अगर किसानों को काम हो तो पहले दलालों को मनाना पड़ता है। खरगापुर तहसील में दलाल ही पटवारी बने बैठे हैं । कुछ पटवारियों के तो बस्ता ही दलालों के पास रहते है। पटवारी कभी कभार हल्के पर जाते है नहीं तो वह अपने बताए हुए पते पर बुलाते हैं।

तहसील खरगापुर अंतर्गत हल्का पटवारियों का मुख्यालय पर निवास नहीं होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसानों के द्वारा बताया गया है कि तहसील मुख्यालय पर पटवारियों का निवास नहीं होने से हम किसानों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। किसानों ने जिला प्रशासन से इस समस्या की ओर ध्यान देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### पटवारियों के दलाल सक्रिय

किसानों को अगर काम करवाना है तो सीधे टीकमगढ़ जाना पड़ता है। कुछ पटवारियों ने तो तहसील में अपने दलाल रखे हुए है अगर किसानों को काम हो तो पहले दलालों को मनाना पड़ता है। खरगापुर तहसील में दलाल ही पटवारी बने बैठे हैं । कुछ पटवारियों के तो बस्ता ही दलालों के पास रहते है। पटवारी कभी कभार हल्के पर जाते है नहीं तो वह अपने बताए हुए स्थान पर बुलाते हैं।

कार्यक्रम | बसंत पंचमी पर जिलेभर में हुए अनेक आयोजन

# शासकीय स्कूल के सरस्वती पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सरकारी स्कूलों में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मवई पहुंचे और स्कूल स्टाफ तथा बच्चों के साथ मां सरस्वती की पूजा की।**



कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में मन लगाकर जुटने को कहा। उन्होंने छात्रों को परीक्षा की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी और उनकी कॉपियां भी जांचीं। श्रोतिय ने कहा कि कोई भी बच्चा पढ़ाई में कमजोर नहीं होता; लगन से मेहनत करने पर सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने छात्रों को मोबाइल और टीवी से दूर रहकर केवल पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जो छात्र इसका पालन करेगा, वह अच्छे नंबरों से पास हो सकता है, और द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाला छात्र भी आईएएस अधिकारी बन सकता है। इस दौरान उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों को समय पर आने के निर्देश दिए ताकि परीक्षा से पहले बच्चों के संदेह दूर किए जा सकें। कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि परीक्षा में अब केवल 20 दिन शेष हैं, इसलिए बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों पर विशेष ध्यान देने और समय से पहले स्कूल पहुंचने को कहा ताकि स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके। कलेक्टर ने बताया कि आने वाले समय में इसी तरह अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण कर बच्चों से फीडबैक लिया जाएगा और शिक्षकों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली जाएगी। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षा में सबसे पहले उन प्रश्नों के उत्तर लिखें जो उन्हें अच्छे से आते हों और तीन घंटे तक सोच-समझकर अच्छी तरह से लिखें। शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर सरकारी स्कूलों में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मवई पहुंचे और स्कूल स्टाफ तथा बच्चों के साथ मां सरस्वती की पूजा की।

### बच्चों से लिया जाएगा फीडबैक

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर शिक्षकों से कहा कि परीक्षा में अब केवल 20 दिन शेष हैं, इसलिए बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों पर विशेष ध्यान देने और समय से पहले स्कूल पहुंचने को कहा ताकि स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके। कलेक्टर ने बताया कि आने वाले समय में इसी तरह अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण कर बच्चों से फीडबैक लिया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को संपूर्ण दिवस के लिये टीकमगढ़ जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, वाईन शॉप एवं देशी मद्यभाण्डागार बंद किये जाने हेतु आदेश्गित है कि शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिले की समस्त प्रकार की कम्पोजिट मदिरा दुकानें, भांग दुकान एवं देषी 26 जनवरी को बंद किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।**

साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शुष्क दिवस में मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, अधिपत्य एवं विक्रय नहीं होने का समुचित ध्यान रखा जाये। साथ ही संबंधित वृत्त, थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी प्रकार की मदिरा का क्रय-विक्रय होने की स्थिति में वह स्वयं उत्तदायी होंगे।

# आनंद उत्सव में हो रहीं प्रतियोगिताएं




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन निर्देशानुसार नगर परिषद बल्देवगढ़ द्वारा आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। आनंद उत्सव के अंतर्गत कवड्डी, चम्मच दौड़, रस्सा-कस्सी, एवं कुर्सी दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गईं। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में विशेष रूप से स्वहसहायता समूह की महिलाओं, एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायका एवं अन्य महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।**

आनंद उत्सव में नगर परिषद बल्देवगढ़ अध्यक्ष श्रीमती शालिनी विश्वदीपक मिश्रा, शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्देवगढ़ से छात्र-छात्रायें, शिक्षकगण, महिला बाल विकास से आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका, शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं, अध्यक्ष, पार्षदगण, पत्रकार बन्धु, कार्यालय नगर परिषद् बल्देवगढ के अधिकारी,कर्मचारीण एवं जन सामान्य उपस्थित रहे।